महत्वपूर्ण/ईमेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव,
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय, अनुदानित, पी0पी0पी0 मोड एवं निजी क्षेत्र की
पालीटेक्निक संस्थाएं,
उत्तर प्रदेश।

संख्या : 483/संप्रपप/परी0अनु0-(पी0आई0)/2026, दिनांक : 21, जुलाई, 2026

विषयः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण की काउन्सिलिंग के उपरान्त संस्था/पाठ्यक्रम का आवंटन पाये छात्रों की पी0आई0 रिर्पोटिंग के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि वर्ष-2026 की ऑनलाइन मुख्य काउन्सिलिंग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में आपकी संस्था में प्रवेश हेतु आवंटित अभ्यर्थियों की प्रवेश सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया पी0आई0 लॉगिन पर दिनांक 25.07.2026 तक पूर्ण करायी जानी है।

तदक्रम में आपसे अपेक्षा है कि मुख्य काउन्सिलिंग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में आपकी संस्था में आवंटित अभ्यर्थियों की प्रवेश सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए पी0आई0 लॉगिन पर दिनांक 25.07.2026 की सायं 5:00 बजे तक प्रत्येक दशा में रिपोर्ट करना सुनिश्चित करे।

तृतीय चरण की काउन्सिलिंग में सभी अभ्यर्थियों की विलिंगनेस को फ्रीज कर दिया गया है तथा प्रत्येक प्रवेशित अभ्यर्थी को प्रवेश की कार्यवाही यथा- मूल प्रमाण-पत्रों की जांच, शेष शुल्क को जमा करना व प्रवेश सम्बन्धी अन्य कार्यवाही प्रवेशित संस्था में किया जाना है। जिन अभ्यर्थियों के नाम आपकी संस्था की लॉगिन पर प्रवेश की सूची में है और यदि उनके द्वारा अभी तक प्रवेश की अन्य प्रक्रिया को पूर्ण नहीं किया गया है तो कृपया ऐसे अभ्यर्थियों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करवाकर उन्हें प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करते हुए यह सूचना अभ्यर्थियों को अवश्य उपलब्ध करा दें कि यदि उनके द्वारा प्रवेश नहीं लिया जायेगा तो उनका प्रवेश 25.07.2026 के पश्चात निरस्त हो जायेगा और उनके द्वारा जमा की गई सीट एक्सेप्टेंस शुल्क रू0 3250/- उन्हें वापस नहीं की जायेगी।

अभ्यर्थियों के प्रवेश के पश्चात निर्धारित अन्तिम तिथि 25.07.2026 तक उनकी पी0आई0 रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाती है तो अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त हो जायेगा तथा अभ्यर्थी को आवंटित सीट चतुर्थ चरण की काउन्सिलिंग में स्वतः जुड़ जायेगी। अतः राजकीय एवं अनुदानित संस्थाओं से अनुरोध है कि तृतीय चरण की काउन्सिलिंग द्वारा आवंटित अभ्यर्थियों की कालिंग रिपोर्ट गूगल फार्म लिंक पर दिनांक 25.07.2026 तक परिषद को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव

**Google Form Link:**
https://forms.gle/VBPQzCRNDeJLEg9a7

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :-

1. निजी सचिव, महानिदेशक महोदया, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपने जोन के अन्तर्गत संचालित संस्थाओं को अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव